देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 229 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...'कोर लीडर' का दर्जा



देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 दिसंबर 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39 | 2 पीएम मोदी को चार पायदान का नुकसान | 7 टेस्ट टीम को मिलेगा नया उपकप्तान

# 63 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य सैन्य धाम

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री ने गुनियाल गांव, देहरादून में किया भूमि पूजन

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गुनियाल गांव, देहरादून में लगभग 63 करोड़ रूपए की लागत से बने रहे भव्य सैन्य धाम का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर शहीद सम्मान यात्रा का विधिवत समापन भी किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सैन्यधाम हेतु प्रदेश के प्रत्येक शहीद परिवार के आंगन से लाई गई पवित्र मिट्टी को कलश में डाला गया। साथ ही वीर शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर तथा उन्हें शौर्य सम्मान पत्र प्रदान देकर सम्मानित भी किया गया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे शहीद, देश की आन बान शान की रक्षा हेतु कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा ऐसे लोग जिन्होंने राष्ट्रीय की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, उनके आंगन की मिट्टी यहां आना गर्व के पल हैं। जो इस सैन्य धाम में आएगा, वह शहीदों की शौर्य गाथा उनकी प्रेरणा लेकर जाएगा।

उन्होंने उत्तराखण्ड को वीरों की भूमि बताते हुए सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर शोक जताया। जनरल बिपिन रावत का इस तरह जाना, भारत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।



### प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप बनेगा सैन्य धाम

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक परम्परा है कि जो देश के लिए अपनी जिंदगी न्यौछावर करते हैं, उनको देवतुल्य माना जाता है। उत्तराखण्ड, देवभूमि, तपोभूमि, वीरता और पराक्रम की भूमि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों के अनुरूप उत्तराखण्ड में पांचवा धाम सैन्यधाम बन रहा है। सैन्यधाम में शहीद सैनिकों की आंगन की पवित्र मिट्टी लाई गई है। उत्तराखंड सरकार से जो अपेक्षा थी, उसके अनुरूप सैन्य धाम बनाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस राज्य को अलग राज्य का दर्जा दिया था।

**सैनिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्धः** केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने केदार पुरी के भव्य पुनर्निर्माण का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को फिर से उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये गये। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों की जो वन रैंक वन पेंशन की समस्या थी उसका समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं।

### रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। धारचूला–लिपुलेख–मानसरोवर जाने का रास्ता बन गया है। सांस्कृतिक दृष्टि से यह रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का अटूट रिश्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार भारत रक्षा से जुड़े क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

### सीएम धामी धाकड़ बल्लेबाज के साथ तेज तर्रार गेंदबाज भी

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न केवल धाकड़ बल्लेबाज हैं बल्कि तेज तर्रार गेंदबाज भी हैं। विकास के क्षेत्र में ऑलराउंडर हैं। बड़े पैमाने पर विकास के कार्य हुए हैं। उनके नेतृत्व में 2024 में उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा।

**ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के निधन पर दो मिनिट का मौन रखा गया**

ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के निधन की जानकारी मिलने पर केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के सम्मान में दो मिनिट का मौन भी रखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 और 18 को दून में आयोजित होगा ग्रैंड फूड फेस्टिवल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड शासन में पशुपालन एवं सहकारिता सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता में कहा कि बकरो और उत्तराफिश नाम से मार्केट में फ्रेश और ऑर्गेनिक मीट बिक रहा है राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उच्च हिमालई क्षेत्रों में बकरियां और मत्स्य पालक किसानों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने हेतु पैसिफिक मॉल में 17 एवं 18 दिसम्बर बिक ग्रैंड फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय की राज्यों के साथ अहम बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में मेडिकल ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति जरूरी है और इसे लेकर जरूरी इंतजाम कर लिए जाने चाहिए, केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह निर्देश दिया। केंद्र ने ऑक्सीजन उपकरणों की पूर्ण कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए इन्हें मॉक ड्रिल का आग्रह किया।

# धरने पर बैठे किसानों से अब खाली हो गए बार्डर

## कलेक्टर की अपील धीमी रखें वाहनों की गति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों को खत्म करने के लिए मांग लेकर धरने पर बैठे किसानों से अब बार्डर खाली हो गए हैं। दिल्ली की सभी सीमाओं पर लगे किसानों के टेंट उखड़ चुके हैं और वो अपने सामानों के साथ वापस जा चुके हैं। बुधवार को यूपी गेट से भी किसान अपने सामानों के साथ वापस लौट गए। उधर सिंघू बार्डर के एनएच–44 को किसानों के हटने के बाद फिलहाल हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

एनएच को खोलने के दौरान सोनीपत जिले के कलेक्टर ने कहा कि अभी इसे हल्के वाहनों के लिए खोला गया है। मरम्मत का काम अभी जारी है। जनता से अपील है कि अपने वाहनों की गति को कम रखें जिससे कोई दुर्घटना ना हो। दूसरी ओर यूपी गेट पर भी दिल्ली पुलिस की ओर से ट्रैफिक को सामान्य करने के लिए काम किया जा रहा है। यहां नगर निगम की टीम और एनएचएआइ की टीमें मरम्मत और सफाई के काम के लिए लगी हुई हैं जिससे इसे जल्द से जल्द वाहन चालकों के लिए खोला जा सके।

सोनीपत के जिला कलेक्टर ने बताया, हमने अभी हल्के वाहनों के लिए रास्ते को खोला है। मरम्मत का काम अभी जारी है। जनता से अपील है कि अपने वाहनों की गति को कम रखें जिससे कोई दुर्घटना ना हो।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने देर शाम को यहां से अपने बैरिकेड हटाने शुरू कर दिए थे। सबसे पहले दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक को चालू करने की योजना बनाई गई है क्योंकि इस पर किसानों के अधिक टेंट नहीं थे, सिर्फ मंच बना हुआ था जिसे हटा दिया गया है। इसके अलावा यहां सर्विस लेन पर सबसे अधिक टेंट लगे हुए थे, वो अब खाली हो चुके हैं।

### अधिकारियों ने तोड़फोड़ का किया मुआयना

किसानों ने अपने टेंट लगाने के दौरान काफी तोड़ फोड़ भी की है। एनएचएआइ के अधिकारियों ने इसका मुआयना किया है, नुकसान का आंकलन किया जा चुका है, अगले कुछ दिनों में मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा उसके बाद इस रास्ते को भी खोला जाएगा। फिलहाल दिल्ली और गाजियाबाद प्रशासन यहां यातायात को सामान्य करने में लगा हुआ है।

# ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह भी हार गए जिंदगी की जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तमिलनाडु के कुन्नूर में हुए हेलीकाप्टर हादसे में एकमात्र जीवित बचे ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का निधन हो गया है। बीती 8 दिसंबर को क्रैश हुए एमआई17 वी5 हेलीकाप्टर में वो एकमात्र जीवित बचे थे। उनका इलाज कमांड अस्पताल, बेंगलुरु में चल रहा था, जहां उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। दुर्घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और 12 अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

**वायुसेना ने ट्वीट कर दी जानकारी**

ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह बुधवार को जिंदगी की जंग को हार गए। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट कर कहा कि यह बताते हुए काफी दुख हो रहा है कि ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का इलाज के दौरान आज निधन हो गया है। वो 8 दिसंबर 2021 को हुए हादसे में अकेले जीवित बचे थे। एयरफोर्स उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

**दुखद**

■शुक्रवार को भोपाल में होगा अंतिम संस्कार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुखः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि ग्रुप कैप्टन वरुण ने गर्व के साथ देश की सेवा की, उनके निधन की खबर से बेहद आहत हूं। राष्ट्र के लिए उनकी समृद्ध सेवा को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। उनके परिवार और मित्रों के प्रति मेरी संवेदनाएं। शांति।

ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह यूपी के देवरिया के खोरमा कन्हौली गांव के रहने वाले थे, लेकिन उनका जन्म दिल्ली में हुआ था। अपने पीछे वरुण सिंह पत्नी गीतांजली बेटे रिद रमन और बेटी आराध्या को छोड़ गए हैं, फिलहाल उनका परिवार भोपाल में रहता है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# बच्चों में कुदरती चक्रव्यूह भेद रहा ओमीक्रोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 31 जनवरी 2020 को भारत में कोरोना का पहला मामला सामने आया था। आज से 15 दिनों के बाद हम एक नए साल में प्रवेश कर जाएंगे। मगर एक चीज जो नहीं बदली वो है कोरोना वायरस का आतंक। कोरोना से हालत सुधर ही रहे थे कि साउथ अफ्रीका से आए नए वैरिएंट ओमीक्रोन ने धड़कने बढ़ा दी हैं। साउथ अफ्रीका से निकले ओमीक्रोन से दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में अपने पैर पसार लिए हैं। भारत में भी अब तक 65 मामले सामने आ चुके हैं।

### पश्चिम बंगाल में 7 साल का बच्चा संक्रमित

पश्चिम बंगाल में ओमीक्रोन से एक सात साल का बच्चा का पीड़ित मिला है। इस से पहले महाराष्ट्र में ही डेढ़ साल की बच्ची ओमीक्रोन से संक्रमित हुई थी। अब ऐसे में सवाल ये उठ रहा है कि क्या ओमीक्रोन बच्चों के लिए भी घातक है।

ओमीक्रोन वायरस देश के 10 राज्यों तक पहुंच गया है। राजस्थान में 17, कर्नाटक में 3, गुजरात में 4, केरल में 1 और आंध्रप्रदेश में 1, दिल्ली में 6, तेलंगाना में 3, प बंगाल में 1 और चंडीगढ़ में 1 केस सामने आया है।